कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर।
पत्र संख्या– 2346/331 दिनांक, मिर्जापुर,जनवरी 17, 2020.

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय
एस 14/74ए–2 अन्धरापुल
वाराणसी उ0प्र0।

विषय 400 के0वी0 अनपरा वाराणसी डबल टान्समिशन लाइन के निर्माण में विभिन्न वन प्रभागों में प्रभावित कुल 319.28हे0 वन भूमि का पुनः लीज नवीनीकरण हेतु वन प्रस्ताव आनलाइन डाटा इन्ट्री (प्रस्ताव नं0) के उपरान्त कैमूर वन्य जीव प्रभाग मिर्जापुर के अन्तर्गत 54.652 हे0 वन भूमि का प्रस्ताव जमा करने के सम्बन्ध में।

संदर्भ 1–आपका पत्रांक 3308/वि0प्रे0सं0 2/वन विभाग दिनांक 27.08.2018.
2–इस कार्यालय का पत्रांक 629/33–1 दिनांक 05–09–2018.
3– इस कार्यालय का पत्रांक 1489/33–1 दिनांक 08–11–2019.
4– इस कार्यालय का पत्रांक 2138/33–1 दिनांक 27–12–2019.

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयक के सम्बन्ध में आप द्वारा अभी तक वांछित कार्यवाही नहीं की गयी, जिसके कारण उच्च स्तर को नवीनीकरण प्रस्ताव प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। आप द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को वांछित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय कक्ष में दिनांक 27–12–2019 को आपके अधीन सहायक अभियंता द्वारा कहा गया कि वांछित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु मूल प्रस्ताव अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा मंगा ली जायेगी,परन्तु अभी तक आपके कार्यालय से प्रस्ताव लेने हेतु कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ।

अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि प्रश्नगत के सम्बन्ध में संदर्भित पत्र में उल्लिखित बिन्दु की सूचना/अभिलेख का समावेश करते हुए नवीनीकरण प्रस्ताव पाँच प्रतियों में तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आप अवगत है कि प्रश्नगत प्रस्ताव के नवीनीकरण प्रस्ताव में काफी विलम्ब हो चुका है। विलम्ब की दशा में आप पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

भवदीय,

(आशुतोष जायसवाल)
प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर।

संख्या–2346/331 समदिनांक।

1. प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव पश्चिमी क्षेत्र कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आशुतोष जायसवाल)
प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग मिर्जापुर।

Raj. K-1

Scanned by CamScanner